Biologist.

स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

दिनांक 27 फरवरी, 1998

संख्या सा० का० नि० 116/संवि० अनु० 309/95.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुये, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, हरियाणा स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा इतर एण्टोमोलोजी (ग्रुप–ख) राज्य सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती तथा उनकी सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

भाग–I सामान्य

संक्षिप्त नाम :

1. ये नियम हरियाणा स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा इतर एण्टोमोलोजी (ग्रुप ख) राज्य सेवा नियम, नियम, 1998 कहे जा सकते हैं।

परिभाषायें :

2. इन नियमों में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, —

(क) "प्रशासकीय सचिव" से अभिप्राय है, प्रशासकीय विभाग का सचिव ;

(ख) "आयुक्त" से अभिप्राय है, आयुक्त एवं सचिव हरियाणा सरकार, स्वास्थ्य विभाग ;

(ग) "सीधी भर्ती" से अभिप्राय है, कोई भी नियुक्ति जो, सेवा में से पदोन्नति द्वारा या भारत सरकार या किसी राज्य सरकार की सेवा में पहले से लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण से अन्यथा की गई हो ;

(घ) "निदेशक" से अभिप्राय है, निदेशक स्वास्थ्य सेवायें (मलेरिया) हरियाणा ;

(ङ) "महानिदेशक" से अभिप्राय है, महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवायें, हरियाणा ;

(च) "सरकार" से अभिप्राय है, प्रशासकीय विभाग में हरियाणा सरकार ;

(छ) "संस्था" से अभिप्राय है,—

(i) हरियाणा राज्य में लागू विधि द्वारा स्थापित कोई संस्था ; या

(ii) इन नियमों के प्रयोजन के लिये सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई अन्य संस्था।

(ज) "मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय" से अभिप्राय है,—

(i) भारत में विधि द्वारा निगमित कोई विश्वविद्यालय ; या

(ii) 15 अगस्त, 1947, से पूर्व हुई परीक्षा के परिणामस्वरूप प्राप्त उपाधि, उपाधि पत्र (डिप्लोमा) या प्रमाण पत्र की दशा में, पंजाब, सिन्ध या ढाका विश्वविद्यालय ; या

(iii) कोई अन्य विश्वविद्यालय जो इन नियमों के प्रयोजन के लिये सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय घोषित किया गया हो ;

(झ) "सेवा" से अभिप्राय है, हरियाणा स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा इत्तर कीट विज्ञान एण्टोमोलोजी (ग्रुप ख) राज्य सेवा।

भाग II—सेवा में भर्ती

पदों की संख्या तथा उनका स्वरूप :

3. सेवा में इन नियमों के परिशिष्ट 'क' में दर्शाये गये पद होंगे :

परन्तु इन नियमों की कोई भी बात ऐसे पदों की संख्या में वृद्धि या कमी करने या विभिन्न पदनामों और वेतनमानों वाले नये पद स्थायी अथवा अस्थायी रूप से बनाने के सरकार के अन्तर्निहित अधिकार पर प्रभाव नहीं डालेगी।

सेवा में भर्ती किये गये उम्मीदवारों की राष्ट्रिकता ; अधिवास तथा चरित्र :

4. (1) कोई भी व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्त नहीं किया जायेगा जब तक कि वह निम्नलिखित न हो :—

(क) भारत का नागरिक ; या

(ख) नेपाल की प्रजा ; या

(ग) भूटान की प्रजा ; या

(घ) तिब्बत का शरणार्थी, जो प्रथम जनवरी, 1962, से पहले भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से आया हो ; या

(ङ) भारतीय मूल का व्यक्ति जो पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका तथा कीनिया, युगांडा, तंजानिया के संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार जांबिया), मलावी, जायरे और इथोपिया के किसी पूर्वी अफ्रीकी देश से प्रवासित होकर भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से आया हो :

परन्तु प्रवर्ग (ख), (ग), (घ) तथा (ङ) से सम्बन्धित किसी प्रवर्ग का व्यक्ति ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में भारत सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण पत्र जारी किया गया हो।



(2) कोई भी व्यक्ति जिसकी दशा में पात्रता का प्रमाण पत्र आवश्यक हो उसे हरियाणा लोक सेवा आयोग अथवा किसी अन्य भर्ती प्राधिकरण द्वारा संचालित परीक्षा या साक्षात्कार के लिये प्रविष्ट किया जा सकता है किन्तु नियुक्ति का प्रस्ताव उसे सरकार द्वारा आवश्यक पात्रता प्रमाण पत्र जारी किये जाने के बाद ही दिया जा सकता है।

(3) कोई भी व्यक्ति सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती द्वारा, तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा जब तक कि वह अपने अन्तिम उपस्थिति के विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय या संस्था के, यदि कोई हो, प्रधान शैक्षणिक अधिकारी से चरित्र प्रमाण पत्र और दो ऐसे अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों से जो उसके सम्बन्धी न हों, किन्तु उसके व्यक्तिगत जीवन में उससे भली भांति परिचित हों, और उसके विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय या संस्था से सम्बन्धित न हों, उसी प्रकार के प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करे।

आयु :

5. कोई भी व्यक्ति सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त नहीं किया जायेगा जो आयोग को आवेदन प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से ठीक आगामी मास की प्रथम दिन से को अथवा इससे पूर्व नीचे यथावर्णित निम्नतर आयु से कम तथा ऊपरी आयु सीमा से अधिक है :—

| क्रम संख्या | पदनाम | निम्नतर आयु सीमा | ऊपरी आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| 1 | जीव विज्ञानी | 21 | 35 |
| 2 | तकनीकी अधिकारी | 19 | 35 |

परन्तु अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और शारीरिक रूप से विकलांग वर्गों की दशा में, ऊपरी आयु सीमा वही होगी जो सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाये।

नियुक्ति प्राधिकारी :

6. सेवा में पदों पर नियुक्तियां सरकार द्वारा की जायेंगी।

योग्यतायें :

7. कोई भी व्यक्ति सेवा में किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा जब तक कि वह सीधी भर्ती की दशा में, इन नियमों के परिशिष्ट ख के खाना 3 में तथा सीधी भर्ती अन्यथा नियुक्ति की दशा में पूर्वोक्त परिशिष्ट के खाना 4 में उल्लिखित योग्यताएं तथा अनुभव न रखता हो :

परन्तु सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति की दशा में अनुभव सम्बन्धी योग्यताओं में आयोग या किसी अन्य भर्ती प्राधिकरण के विवेक पर 50 प्रतिशत सीमा तक ढील दी जा सकती सकेगी, यदि अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों

सैनिकों तथा शारीरिक रूप से विकलांग प्रवर्गों में उनके लिये आरक्षित रिक्त पदों को भरने के लिये [illegible]क्षित अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध न हो। ऐसा करने के लिये लिखित रूप से कारण दिये जायेंगे।

अयोग्यतायें :

8. कोई भी व्यक्ति —

(क) जिसने जीवित पति/पत्नी वाले व्यक्ति से विवाह कर लिया है या विवाह की संविदा कर ली है ; या

(ख) जिसने जीवित पति/पत्नी के होते हुये किसी अन्य व्यक्ति से विवाह कर लिया है या विवाह की संविदा कर ली है,

सेवा में किसी भी पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि सरकार की इस सम्बन्ध में सन्तुष्टि हो जाये कि ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के दूसरे पक्ष पर, लागू स्वीय विधि के अधीन ऐसा विवाह अनुज्ञेय है तथा ऐसा करने के अन्य आधार भी हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के लागू होने से छूट दे सकती है।

भर्ती का ढंग :

9. सेवा में भर्ती निम्नलिखित ढंग से की जायेगी :—

(क) जीव विज्ञानी की दशा में,—

(i) सीधी भर्ती द्वारा ;

(ii) किसी राज्य सरकार या भारत सरकार की सेवा में पहले से ही लगे अधिकारी की प्रतिनियुक्ति या स्थानान्तरण द्वारा।

(ख) तकनीकी अधिकारी की दशा में, —

(i) 50 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा, तथा

(ii) 50 प्रतिशत सहायक एण्टोमोलोजिस्ट में से पदोन्नति द्वारा, या

(iii) किसी राज्य सरकार या भारत सरकार की सेवा में पहले से ही लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा।

(2) सभी पदोन्नतियां जब तक अन्यथा उपबन्धित न हो, ज्येष्ठता एवं योग्यता के आधार पर की जायेगी और केवल ज्येष्ठता से ऐसी पदोन्नतियों के लिये कोई अधिकारी प्रदान नहीं करेगी।



परिवीक्षा :

10. (1) सेवा में किसी भी पद पर नियुक्त व्यक्ति, यदि वह सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किया गया हो तो दो वर्ष की अवधि के लिये और यदि अन्यथा नियुक्त किया गया हो तो एक वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा पर रहेगा :

परन्तु —

(क) ऐसी नियुक्ति के बाद किसी अनुरूप या उच्चतर पद पर व्यतीत की गई कोई अवधि परिवीक्षा की अवधि की ओर गिनी जायेगी :

(ख) स्थानान्तरण द्वारा किसी नियुक्ति की दशा में, सेवा में किसी पद पर नियुक्ति से पहले किसी समकक्ष अथवा उच्चतर पद पर किये गये कार्य की कोई अवधि, नियुक्ति प्राधिकारी के विवेक पर, इस नियम के अधीन नियत परिवीक्षा अवधि की ओर गिनने दी जा सकती है ; और

(ग) स्थानापन्न नियुक्ति की अवधि परिवीक्षा पर व्यतीत की गई अवधि के रूप में गिनी जायेगी, किन्तु कोई भी व्यक्ति जिसने ऐसे स्थानापन्न रूप में कार्य किया है, परिवीक्षा की विहित अवधि के पूरा होने पर, यदि वह किसी स्थाई रिक्ति पर नियुक्त न किया गया हो, पुष्ट किये जाने का हकदार नहीं होगा।

(2) यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में परिवीक्षा की अवधि के दौरान किसी व्यक्ति का कार्य या आचरण सन्तोषजनक न रहा हो तो वह,—

(क) यदि ऐसा व्यक्ति सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किया गया हो तो उसे उसकी सेवाओं से अलग कर सकता है ; और

(ख) यदि ऐसा व्यक्ति सीधी भर्ती से अन्यथा नियुक्त किया गया हो तो,—

(i) उसे उसके पूर्व पद पर प्रतिवर्तित कर सकता है ; या

(ii) उसके सम्बन्ध में किसी ऐसी अन्य रीति में कार्रवाई कर सकता है जो उसकी पूर्व नियुक्ति के निबन्धन तथा शर्तें अनुज्ञात करें।

(3) किसी व्यक्ति की परिवीक्षा अवधि पूरी होने पर नियुक्ति प्राधिकारी,—

(क) यदि उसकी राय में उसका कार्य या आचरण सन्तोषजनक रहा हो तो,—

(i) ऐसे व्यक्ति को यदि वह किसी स्थायी रिक्ति पर नियुक्त किया गया हो, उसकी नियुक्ति की तिथि से पुष्ट कर सकता है ; अथवा

(ii) ऐसे व्यक्ति को, यदि वह किसी अस्थाई रिक्ति पर नियुक्त किया गया हो तो स्थाई रिक्ति होने की तिथि से पुष्ट कर सकता है ;

(2) हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 1987, के नियम 9 के उप नियम (1) के खण्ड (ग) या खण्ड (घ) के अधीन आदेश पारित करने के लिये सक्षम प्राधिकारी तथा अपील प्राधिकारी भी वह होगा, जो इन नियमों के परिशिष्ट ध में विनिर्दिष्ट है।

टीका लगवाना :

15. सेवा का प्रत्येक सदस्य जब सरकार किसी विशेष या साधारण आदेश द्वारा ऐसा निर्देश करे टीका लगवायेगा और पुन: टीका लगवायेगा।

राजनिष्ठा की शपथ :

16. सेवा के प्रत्येक सदस्य से जब तक उसने पहले ही भारत के प्रति तथा विधि द्वारा यथा स्थापित भारत के संविधान के प्रति राजनिष्ठा की शपथ न ले ली हो, ऐसा करने की अपेक्षा की जायेगी।

ढील देने की शक्ति :

17. जहां सरकार की राय में, इन नियमों के किसी भी उपबन्ध में ढील देना आवश्यक या उचित हो, वहां वह कारण लिखकर आदेश द्वारा व्यक्तियों के किसी वर्ग या प्रवर्ग के बारे में ऐसा कर सकती है।

विशेष उपबन्ध :

18. इन नियमों में किसी बात के होते हुए भी, नियुक्ति प्राधिकारी, यदि नियुक्ति आदेश मे विशेष निबन्धन तथा शर्तें लगाना उचित समझे, तो वह ऐसा कर सकता है।

आरक्षण :

19. इन नियमों में दी गई कोई भी बात राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों, शारीरिक रूप से विकलांग प्रवर्गों अथवा व्यक्तियों के किसी अन्य वर्ग या प्रवर्ग को दिये जाने के लिये अपेक्षित आरक्षणों तथा अन्य रियायतों को प्रभावित नहीं करेगी :

परन्तु इस प्रकार किये गये आरक्षण की कुल प्रतिशतता किसी भी समय 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

निरसन तथा व्यावृत्ति :

20. सेवा को लागू तथा इन में से किसी नियम के अनुरूप कोई नियम जो लागू है इसके द्वारा निरसित किये जाते हैं :

परन्तु इस प्रकार से निरसित नियम के अधीन किया गया कोई आदेश या की गई कोई कार्रवाई इन नियमों के अनुरूप उपबन्धों के अधीन किया गया आदेश अथवा की गई कार्रवाई समझी जायेगी।



परिशिष्ट क

(देखिए नियम 3)

| क्रम संख्या | पदनाम | पदों की संख्या | | | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्थायी | अस्थायी | जोड़ | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जीव विज्ञानी | .. | 17 | 17 | 2000-60-2300-द० रो०-75-2900-100-3500 |
| 2 | तकनीकी अधिकारी | .. | 1 | 1 | 2000-60-2300-द० रो०-75-2900-100-3500 |

परिशिष्ट ख

(देखिए नियम 7)

| क्रम संख्या | पदनाम | सीधी भर्ती के लिये शैक्षणिक अर्हतायें तथा अनुभव, यदि कोई हो | सीधी भर्ती से अन्यथा नियुक्ति के लिये शैक्षणिक अर्हतायें अनुभव, यदि कोई हो |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | जीव विज्ञानी | अनिवार्य<br>(क) एम० एस० सी० (प्राणी विज्ञान) ;<br>(ख) मैट्रिक स्तर तक हिन्दी ।<br>अधिमान्य<br>एण्टोमोलोजी में एक वर्ष का क्षेत्रीय अनुभव । | (क) एम० एस० सी० (प्राणी विज्ञान);<br>(ख) मैट्रिक स्तर तक हिन्दी ।<br>अधिमान्य<br>एण्टोमोलोजी में एक वर्ष का क्षेत्रीय अनुभव |
| 2 | तकनीकी अधिकारी | अनिवार्य<br>(क) बी० एस० सी० (प्राणी विज्ञान) ;<br>(ख) मैट्रिक स्तर तक हिन्दी ।<br>अधिमान्य<br>कीटनाशी नियंत्रण में एक वर्ष का अनुसंधान अनुभव । | 1. पदोन्नति द्वारा–<br>सहायक एण्टोमोलोनिस्ट के रूप में पांच वर्ष का अनुभव<br>2. स्थानान्तरण द्वारा–<br>(क) बी० एस० सी० (प्राणी विज्ञान) ;<br>(ख) मैट्रिक स्तर तक हिन्दी ।<br>अधिमान्य<br>कीटनाशक नियंत्रण में एक वर्ष का अनुसंधान अनुभव । |



परिशिष्ट ग

[देखिए नियम 14(1)]

| क्रम संख्या | पदनाम | नियुक्ति प्राधिकारी | शास्ति का स्वरूप | शास्ति लगाने के लिये सक्षम प्राधिकारी | अपील प्राधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जीव विज्ञानी | सरकार | (1) लघु शास्तियां—<br>(i) वैयक्तिक फाईल (आचरण पंजी) पर रखते हुए चेतावनी ;<br>(ii) परिनिन्दा ; | महानिदेशक | सरकार |
| 2 | तकनीकी अधिकारी | | (iii) पदोन्नति रोकना ;<br>(iv) उपेक्षा या आदेशों के उल्लंघन द्वारा केन्द्रीय सरकार को या राज्य सरकार को या ऐसी कम्पनी तथा संगम तथा व्यष्टि निकाय चाहे वह निगमित हो या नहीं जिसका पूर्ण या अधिकांश स्वामित्व या नियंत्रण सरकार के पास है या संसद या राज्य विधान मण्डल के अधिनियम द्वारा यथा स्थापित किसी प्राधिकरण या विश्व-विद्यालय को हुई धन सम्बन्धी पूरी हानि की या उसके भाग की वेतन से वसूली ।<br>(v) संचयी प्रभाव के बिना वेतन वृद्धियां रोकना ।<br>(2) बड़ी शास्तियां—<br>(vi) (क) संचयी प्रभाव सहित वेतन वृद्धियां रोकना ; | सरकार | सरकार |

| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तकनीकी अधिकारी | सरकार | (vii) किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिये समयमान में निम्नतर प्रक्रम पर अवनति ऐसे अतिरिक्त निदेशों सहित कि क्या सरकारी कर्मचारी ऐसी अवनति की अवधि के दौरान वेतन वृद्धियां अर्जित करेगा या नहीं;<br>(viii) और क्या ऐसी अवधि की समाप्ति पर ऐसी अवनति उसकी भावी वेतन वृद्धियां स्थगित करने का प्रभाव रखेगी या नहीं ;<br>(ix) निम्नतर वेतनमान, ग्रेड, पद या सेवा पर ऐसी अवनति जो सरकारी कर्मचारी के उस समय वेतनमान, ग्रेड, पद या सेवा पर, जिससे वह अवनत किया गया था, पदोन्नति के लिये साधारणतः रोक होगी, ऐसा जिस ग्रेड अथवा पद या सेवा से सरकारी कर्मचारी अवनत किया गया था उस पर बहाली सम्बन्धी और उसकी ज्येष्ठता तथा उस ग्रेड पद या सेवा पर वेतन के बारे में शर्तों सम्बन्धी अतिरिक्त निदेशों के साथ या उसके बिना होगा ;<br>(x) अनिवार्य सेवा निवृति ;<br>(xi) सेवा से हटाया जाना जो सरकार के अधीन भावी नियोजन के लिये निर्हरता नहीं होगी ;<br>(xii) सेवा से पदच्युति जो सरकार के अधीन भावी नियोजन के लिये सामान्यतः निरर्हता होगी । | सरकार | सरकार |



परिशिष्ट घ

[देखिए नियम 14 (2)]

| क्रम संख्या | पदनाम | आदेश का स्वरूप | आदेश करने के लिये सक्षम प्राधिकारी | अपील प्राधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जीव विज्ञानी | (i) पैंशन को नियंत्रित करने वाले नियमों के अधीन उसे अनुज्ञेय सामान्य/अतिरिक्त पैंशन की राशि में कमी करना या रोकना ; | सरकार | --- |
| 2 | तकनीकी अधिकारी | (ii) सेवा के सदस्य की उसकी अधि-वार्षिता के लिये नियत आयु के होने से अन्यथा नियुक्ति की समाप्ति । | | |

वीना ईंगलटन,

वित्तायुक्त एवं सचिव हरियाणा सरकार,
स्वास्थ्य विभाग ।

[Authorised English Translation]

## HARYANA GOVERNMENT

## HEALTH DEPARTMENT

### Notification

The 27th February, 1998

**No. G. S. R. 116/Const. Art. 309/98.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution of India, the Governor of Haryana hereby makes the following rules regulating the recruitment and conditions of service of persons appointed to the Haryana Health Department, Non-medical Entomology (Group-B) State service, namely:—

## PART-I—GENERAL

**Short title.**

1. These rules may be called the Haryana Health Department Non-medical Entomology (Group B) State Service Rules, 1998.

**Defination.**

2. In these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) "Commission" means the Haryana Public Service Commission ;

(b) "Commissioner" means the Commissioner and Secretary to Government Haryana, Health Department ;

(c) "direct recruitment" means an appointment made otherwise than by promotion from within the service or by transfer of an official already in the service of the Government of India or any State Government ;

(d) "Director" means Director Health Services, (Malaria), Haryana ;

(e) "Director General" means Director General, Health Services, Haryana ;

(f) "Government" means Haryana Government in the Administrative Department ;

(g) "institution" means ,—

(i) any institution established by law in force in the State of Haryana ; or

(ii) any other institution recognised by the Government for the prpose of these rules ;

(h) "recognised university" means,—

(i) any university incoroporated by law in India ; or

(ii) in the case of degree, diploma or certificate obtained as a resulet of an examination held before the 15th of August , 1947, the Punjab, Sind or Dacca University ; or



(iii) any other university which is declared by the Government to be recognised university for the purpose of these rules ;

(i) "Service" means the Haryana Health Department Non-Medical Entomology (Group B) State Service.

## PART II- RECRUITMENT OF SERVICE

**Number and Character of Posts.**

3. The service shall comprise of the posts shown in Appendix A to these rules :

Provided that nothing in these rules shall affect the inherent right of the Government to make additions to, or reductions in, the number of such posts or to create new posts with different designations and scales of pay, either permanently or temporarily.

**Nationality, domicile and charactor of candidates appointed to Service.**

4. (1) No person shall be appointed to any post in the Service, unless he is,—

(a) a citizen of India ; or

(b) a subject of Nepal ; or

(c) a subject of Bhutan ; or

(d) a Tribetan refugee who came over to India vefore the Ist January, 1962, with the intention of permanently settling in India ; or

(e) a person of Indian Origin who has migrated from Pakistan, Burma, Sri Lanka or any of the East African countries of Kenya, Uganda, the United Republic of Tanjania (formerly Tanganyika and Zanzibar), Zambia, Malawi, Zaire and Ethiopia with the intention of Permanently settling in India :

Provided that a person belonging to any of the categories (b), (c), (d) or (e) shall be a person in whose favour a certificate of eligibility has been issued by the Government.

(2) A person in whose case a certificate of eligibility is necessary may be admitted to an examination or interview conducted by the Commission or any other recruiting authority but the offer of appointment may be given only after the necessary eligibility certificate has been issued to him by the Government.

(3) No person shall be appointed to any post in the Service by direct recruitment, unless he produces a certificate of character from Principal Academic Officer of the university, college, school or institution last attended, if any, and similar certificates from two other responsible persons, not being his relatives, who are well acquainted with him in his private life and are unconnected with his university, college, school or institution.

Age :

5. No person shall be appointed to any post in the Service by direct recruitment who is less than the lower age limit and more than the upper age limit as mentioned below on or before the first day of the month next preceding the last date of submission of application to the Commission:—

| Sr. No | Designation of post | Lower age limit | Upper age limit |
|---|---|---|---|
| 1 | Biologist | 21 years | 35 years |
| 2 | Technical Officer | 19 years | 35 years |

Provided that in the case of a person belonging to Scheduled Caste and Backward Classes of Haryana, the upper age limit shall be such as may be fixed by the Government from time to time.

**Appointing authority.**

6. Appointment to the posts in the Service shall be made by the Government.

**Qualifications.**

7. No person shall be appointed to any post in the Service, unless he is in possession of qualifications and experience specified in column 3 of Appendix B to these rules in the case of direct recruitment and those specified in column 4 of the aforesaid Appendix in the case of persons appointed other than by direct recruitment:

Provided that in the case of appointment by direct recruitment, the qualifications regarding experience shall be relaxable to the extent of 50% at the discretion of the Commission or any other recruiting authority in case sufficient number of candidates belonging to Scheduled Castes, Backward Classes, Ex-Servicemen and Physically Handicapped categories possessing the requisite experience, are not available to fill up the vacancies reserved for them, after recording reasons for so doing in writing.

**Disqualifications.**

8. No person,-

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living ; or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to any post in the Service:

Provided that the Government may, if satisfied, that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

**Method of Recruitment.**

9. (1) Recruitment to the Service shall be made,

(a) in the case of Biologist,—

(i) by direct recruitment ; or

(ii) by transfer or deputation of an Officer/official already in the Service of any State Government or the Government of India ;

(b) in the case of Technical Officer,—

(i) 50% by promotion from amongst the Assistant Entomologists ;

(ii) 50% by direct recruitment ; or

(iii) by transfer or deputation of an Officer already in the Service of any State Government or the Government of India.

(2) All promotions unless otherwise provided, shall be made on seniortiy-cum-merit basis and seniority alone shall not confer any right to such promotions.

**Probation.**

10. (1) Persons appointed to any post in the Service shall remain on probation for a period of two years, if appointed by direct recruitment, and one year, if appointed otherwise:

Provided that—

(a) any period, after such appointment, spent on deputation on a corresponding or a higher post shall count towards the period of probation:

(b) any period of work in equivalent or higher rank, prior to appointment to any post in the Service may, in the case of appointment by transfer, at the discretion of the appointing authority, be allowed to count towards the period of probation fixed under this rule;' and

(c) any period of officiating appointment shall be reckoned as period spent on probation, but no person who has so officiated shall, on the completion of the prescribed period of probation be entitled to be confirmed, unless he is appointed against permanent vacancy.

(2) If, in the opinion of the appointing authority, the work or conduct of a person during the period of probation is not satisfactory, it may—

(a) if such person is appointed by direct recruitment, dispense with his services; and

(b) if such person is appointed otherwise than by direct recruitment,—

(i) revert him to his former post ; or

(ii) deal with him in such other manner as the terms and conditions of the previous appointment permit.

(3) On the completion of the period of probation of a person, the appointing authority may,—

(a) if his work or conduct has, in its opinion, been satisfactory,—

(i) confirm such person from the date of his appointment, if appointed against a permanent vacancy ; or

(ii) confirm such person from the date from which a permanent vacancy occurs, if appointed against a temporary vacancy ; or

(iii) declare that he has completed his probation satisfactorily, if there is no permanent vacancy ; or

(b) If his work or conduct has, in its opinion, been not satisfactory,—

(i) dispense with his Service, if appointed by direct recruitment, if appointed otherwise, revert him to his former post or deal with him in such other manner as the terms and conditions of previous appointment permit : or

(ii) extend his period of probation and thereafter pass such order, as it could have passed on the expiry of the first period of probation :

Provided that the total period of probation including extension, if any shall not exceed three years.

**Seniority.**

11. Seniority *interse* of members of the Service shall be determined by the length of continuous service on any post in the Service:

Provided that where there are different cadres in the Service, the seniority shall be determined separately for each cadre :

Provided further that in the case of a member appointed by direct recruitment, the order of merit determined by the Commission, shall not be disturbed in fixing the seniority :

Provided further that in case of two or more members appointed on the same date, their seniority shall be determined as follows :—

(a) a member appointed by direct recruitment shall be senior to a member appointed by promotion or by transfer:

(b) a member appointed by promotion shall be senior to a member appointed by transfer :

(c) in the case of a member appointed by promotion or by transfer, seniority shall be determined according to seniority of such members in the appointments from which they were promoted or transferred ; and

(d) in the case of members appointed by transfer from different cadres, their seniority shall be determined according to pay, preference being given to a member, who was drawing a higher rate of pay in his previous appointment ; and if the rate of pay drawn are also the same, then by the length of their service in the appointments and if the length of such service is also the same, the older member shall be senior to the younger member.



**Liability to Serve.**

12. (1) A member of the Service shall be liable to serve at any place whether within or outside the State of Haryana, on being ordered so to do by the appointing authority.

(2) A member of Service may also be deputed to serve under,—

(i) a company, an association or a body of individuals whether incorporated or not, which is wholly or substantially owned or controlled by the State Government, a municipal corporation or a local authority or university within the State of Haryana ;

(ii) the Central Government or a company, an association or a body of individuals whether incorporated or not, which is wholly or substantially owned or controlled by the Central Government ; or

(iii) any other State Government, an international organisation, an autonomous body not controlled by the Government or a private body :

Provided that no member of the Service shall be deputed to serve the Central or any other State Government or any organisation or body referred to in clause (ii) or clause (iii) except with his consent

**Pay, leave, pension and other matters.**

13. In respect of pay, leave, pension and all other matters not expressly provided for these rules, the members of the Service shall be governed by such rules and regulations as may have been, or may hereafter be, adopted or made by the competent authority under the Constitution of India or under any law for the time being in force made by the State Legislature.

**Discipline, Penalities and appeals.**

14. (1) In matters relating to discipline, penalties and appeals, members of the Service shall be governed by the Haryana Civil Services (Punishment and Appeal) Rules, 1987, as amended from time to time :

Provided that the nature of penalties which may be imposed, the authority empowered to impose such penalties and appellate authority shall, subject to the provisions of any law or rules made under article 309 of the Constitution of India, be such as are specified in Appendix C to these rules.

(2) The authority competent to pass an order under clause (c) or clause (d) of sub-rule (1) of rule 9 of the Haryana Civil Services (Punishment and Appeal) Rules, 1987, and appellate authority, shall be as specified in Appendix D to these rules.

**Vaccination.**

15. Every member of the service shall get himself vaccinated and re-vaccinated as and when the Government so direct by a special or general order.

**Oath of Allegiance.**

16. Every member of the Service, unless he has already done so, shall be required to take the oath of allegiance to India and to the Constitution of India as by law established.

**Power of Relaxation.**

17. Where the Government is of the opinion that it is necessary or expedient to do so, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

**Special Provisions.**

18. Notwithstanding anything contained in these rules, the appointing authority may impose special terms and conditions in the order of appointment if it is deemed to expedient to do so.

**Reservations.**

19. Nothing contained in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for Scheduled Castes, Backward Classes, Ex-Servicemen and Physically handicapped persons or any other class or category of persons in accordance with the orders issued by the State Government in this regard, from time to time.

**Repeal and Saving.**

20. Any rule applicable to the Service and corresponding to any of these rules which is in force immediately before the commencement of these rules is hereby repealed :

Provided that any order made or action taken under the rules so repealed shall been deemed to have been made or taken under the corresponding provisions of these rules.



**APPENDIX A**

[*See* rule 3]

| Sr. No. | Designation of posts | Number of posts | | | Scale of pay |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Permanent | Temporary | Total | |
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Biologists | — | 17 | 17 | Rs. 2,000—60—2,300—EB—75—2,900—100—3,500 |
| 2 | Technical Officer | — | 1 | 1 | Rs. 2,000—60—2,300—EB—75—2,900—100—3,500 |

**APPENDIX B**

[*See* rule 7]

| Sr. No. | Designation of posts | Academic qualifications and experience, if any, for direct recruitment | Academic qualifications and experience, if any, for appointment other than by direct recruitment |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Biologist | Essential :<br>(a) M.Sc. (Zoology) ;<br>(b) Hindi upto Matric Standard ;<br>Preferable<br>Field Experience of one year in Entomology. | (a) M.Sc. (Zoology) ;<br>(b) Hindi upto Matric Standard ;<br>Preferable<br>Field experience of one year in Entomology |
| 2 | Technical Officer | Essential<br>(a) B.Sc. (Zoology)<br>(b) Hindi upto Matric Standard ;<br>Preferable<br>Research experience of one year in Pest Control. | By promotion—<br>Five years experience as Assistant Entomologist ;<br>By transfer—<br>(a) B.Sc. (Zoology) ;<br>(b) Hindi upto Matric Standard ;<br>Preferable<br>Research experience of one year in Pest Control. |

## APPENDIX C

[ (*See* rule 14(1) ]

| S. No. | Designation of posts | Appointing quthority | Nature of penalty | Authority empowered to impose penalty | Appellate authority |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Biologist | Government | **Minor Penalties—** | Director Generרl Health Services | Govern-ment |
| 2 | Technical Officer | | (i) warning with a copy in the personal file ; (character rool) | | |
| | | | (ii) censure ; | | |
| | | | (iii) withholding of promotion ; | | |
| | | | (iv) recovery from pay of the whole or part of any pecuniary loss caused by negligence or breach of orders to the Central Government or a State Government or to a Company and Association or a body of individual whether incorporated or not which is wholly or substantially owned or controlled by the Government or to a local authority or University set up by an Act of Parliament or of the Legislature of a State ; and | | |
| | | | (v) withholding of increments of pay without commulative effect ; | | |
| | | | **Major Penalties —** | | |
| | | | (va) withholding of increments of pay with commulative effect ; | Government | Govern-ment |
| | | | (vi) reduction to a lower stage in the time scale of pay for a specified period, with further directions as | | |



| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | to whether or not the Government employee will earn increment of pay during the period of such reduction and whether on the expiry of such period, the reduction will or will not have the r effect of postponing the future increments of his pay ; | | |
| | | | (vii) reduction to a lower scale of pay, grade, post or service which shall ordinarily be a bar to the promotion of the Government employee to the time scale of pay, grade, post for or service from which he was reduced, with or without further directions regarding conditions of restoration to the grade or post or service from which the Government employee was reduced and his seniority and pay on such restoration to that grade, post or service ; | | |
| | | | (viii) compulsory retirement ; | | |
| | | | (ix) removal from service which shall not be a dis-qualification for future employment under the Government ; | | |
| | | | (x) dismissal from service which shall ordinarily be a disqualification for future employment under the Government. | | |